हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025



# बच्चों को पढ़ाने वाले अब खुद पढ़ेंगे, टेट परीक्षा देने तीन दर्जन शिक्षकों ने मांगी अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का असर, जिले के हजारों शिक्षक पर पड़ेगा निर्देश का असर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश की सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी सरकारी शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा पास करना अनिवार्य के निर्णय का असर दिखने लगा है। भले ही इस निर्देश का परिपालन को लेकर प्रदेश में अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन बावजूद इसके टेट परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षक भी अब फॉर्म भरने में जुट गए हैं। कई सालों से बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहे ये शिक्षक अब खुद पढ़कर टेट परीक्षा देने के लिए अनुमति मांग रहे हैं। जिले में अब तक तीन दर्जन से अधिक ऐसे आवेदन शिक्षा महकमे को मिल चुके हैं।

ज्ञात हो कि पिछले दो सप्ताह से टेट परीक्षा को लेकर फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। आगामी आठ दिसंबर तक फॉर्म भरने की अंतिम मियाद तय की गई है। यही कारण है कि जिले के भी सरकारी शिक्षक अब टेट परीक्षा देने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार भले ही सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे निर्देश जारी कर किए हो, परंतु अब तक प्रदेश के शिक्षा महकमे से टेट अनिवार्यता को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। ऐसे में शिक्षक भी संशय में है।

### फॉर्मेट तैयार, आए आवेदन

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने शिक्षकों द्वारा टेट परीक्षा को लेकर आवेदन करने से पहले अनुमति के लिए एक फॉर्मेट भी तैयार किया है। जिसमें टेट परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जरिये आवेदन लिए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक जिले के तीन दर्जन से अधिक टीचर ने महकमे को आवेदन कर दिया है।

### खास बातें

- आठ दिसंबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि
- हायर स्कूल के शिक्षकों के लिए टेट पास होने की अनिवार्यता नहीं



### सीनियर टीचर को राहत

सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को निर्देश दिया है कि अब टीचिंग सर्विस से जुड़े सभी शिक्षकों को अपनी सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टेट पास करना जरूरी होगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार ऐसे टीचर जिनकी कार्य अवधि पांच साल या इससे कम बचा हुआ है। ऐसे टीचर्स को टेट करना अनिवार्य नहीं रखा गया है। इसके अलावा हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों के लिए भी अनिवार्य नहीं है।

### आवेदन आ रहे

टेट परीक्षा देने से पहले शिक्षक आवेदन कर अनुमति ले रहे हैं। आवेदन के आधार पर विभाग से अनुमति भी दी जा रही है। - पीएस बघेल, डीईओ

# तुमड़ीबोड़ में मिला 1258 बोरा अधिक धान दर्जनभर खरीदी केंद्र में सत्यापन के आदेश

## 12 समितियों में जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन, सत्यापन कर जांचेंगे गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर पिछले तीन दिनों से जिले में शुरू हुए भौतिक सत्यापन के कार्य में लगातार सफलता मिल रही है। घुमका समिति के बाद अब डोंगरगांव ब्लॉक के तुमड़ीबोड़ खरीदी केंद्र में भी भौतिक सत्यापन में अधिक धान पाया गया। गुरुवार देर रात एडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बोरों की गिनती की तो उन्हें समिति में 1258 बोरा धान अधिक मिला। उक्त धान को जब्त कर लिया गया है।

इधर दो समितियों में भौतिक सत्यापन से सामने आई गड़बड़ी के बाद अब जिला कलेक्टर ने जिले की दर्जनभर समितियों में भी जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उसके लिए प्रभारी की नियुक्ति कर टीम का भी गठन कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि लगातार शिकायतों के बीच कलेक्टर ने तीन दिन पहले ही घुमका सहकारी समिति में 30 सदस्यीय टीम को जांच के लिए भेजा था। जांच में यह पाया गया कि लगभग पांच सौ क्विंटल अधिक धान मिला। जिसके बाद गुरुवार को वही टीम को तुमड़ीबोड़ स्थित धान खरीदी केंद्र भेजा गया था। वहां भी देर रात तक गणना के बाद अधिक मात्रा में धान मिला है।



### दो प्रकरण में 563 क्विंटल जब्त

इधर जिले में पिछले एक पखवाड़े से जारी कोचियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत शुक्रवार को दो प्रकरण तैयार किए गए। इनमें राजनांदगांव में एक प्रकरण में 60 क्विंटल एवं डोंगरगांव ब्लॉक में 503 क्विंटल धान की जब्ती शामिल है। यह धान की कीमत लगभग साढ़े 17 लाख रुपए बताई गई। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 152 मामले में 5.88 करोड़ रुपए का लगभग 19 हजार क्विंटल धान को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

### घुमका के व्यापारी के रिकार्ड की होगी जांच

दो दिन पहले घुमका समिति में मिले पांच सौ क्विंटल अधिक धान के मामले में अब उक्त व्यापारी लुनिया के पिछले तीन साल के रिकार्ड की जांच की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार टीम का गठन कर व्यापारी द्वारा पिछले तीन साल में बोए गई फसल की सेटेलाइट की मदद से जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं इसके बाद उसके द्वारा पिछले तीन साल के दौरान सरकार को बेचे गए धान की जानकारी निकाली जाएगी। दोनों ही आंकड़ों में अंतर पाए जाने पर व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### इन समितियों की भी होगी जांच

कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा जिले की दर्जनभर समितियों में भौतिक सत्यापन के लिए जांच टीम का गठन कर दिया गया है। इनमें राजनांदगांव ब्लॉक के पटेवा, गठुला, घुमका, उपरवाह, बघेरा समिति शामिल है। वहीं डोंगरगढ़ ब्लॉक के मोहारा, कसारी, मुसराकला, मेढ़ा, कोलिहापुरी और ढारा समितियां शामिल है। वहीं डोंगरगांव ब्लॉक के तुमड़ीबोड़ समिति में भौतिक सत्यापन होना है। टीम में राजस्व, खाद्य, कृषि, पटवारी, पंचायत के साथ ही सहकारिता विभाग के अफसर एवं कर्मचारियो को शामिल किया गया है।

# शराब पीने पैसे ना देने पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्के, डंडा एवं चाकू से मारपीट कर चोंट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 दिसंबर को प्रार्थी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि युवराज राजपूत उर्फ दीप निवासी बजरंग चौक तुलसीपुर, सिद्धु सिविल लाइन और उसका एक साथी लोकेश ने चाकू दिखाकर जबर्दस्ती डरा-धमका कर गाड़ी में बैठाकर 3 दिसंबर की रात्रि साढे 11 बजे घटनास्थल ममता नगर रेलवे क्रासिंग के पास अंडरब्रिज के पीछे ले जाकर दारू पीने के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्के, डंडा एवं चाकू से मारपीट कर चोंट पहुंचाना बताया। रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 742/25 धारा 119 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में मुखबीर की सूचना पर एक आरोपी सिद्वार्थ लहरे 21 वर्ष साकिन न्यू सिविल लाइन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपने साथियों के साथ जुर्म करना स्वीकार किया गया, जिसे 5 दिसंबर को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया। अन्य आरोपी घटना के बाद फरार हो गए हैं। जिनकी सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा है, जिन्हें तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसपी ने जारी किया पत्र

# एमएमसी जोन के नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एमएमसी जोन में कार्यरत सीपीआई माओवादी संगठन के सभी सदस्यों द्वारा 1 जनवरी तक आत्मसमर्पण करने के संदर्भ में निवेदन पत्र को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा अपील पत्र जारी किया गया है।

ज्ञात हो कि 27 नवंबर को एमएमसी स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत द्वारा प्रसारित की गई प्रेस विज्ञप्ति और न्यूज चैनल के माध्यम से सभी सदस्यों को आत्मसमर्पण करने हेतु 1 जनवरी 2026 तक का समय मिलने और तब तक सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन रोकने के बारे में निवेदन किया गया है। उक्त निवेदन पत्र के संबंध में राजनांदगांव जिला पुलिस द्वारा यह अपील पत्र जारी किया जा रहा है।

### पुनर्वास योजना की सुविधा का लाभ लें

माओवादी प्रवक्ता अनंत द्वारा प्रेस विज्ञप्ति और न्यूज चैनल के माध्यम से किए गए निवेदन का सकारात्मक एवं गंभीरतापूर्वक विचार कर राजनांदगांव जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एमएमसी जोन के सभी माओवादियों को अपील की है कि वे राजनांदगांव पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर शांति और विकास का रास्ता अपनाएं एवं राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्वास योजना के तहत दी जाने वाली सहायता एवं सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### मुख्यधारा में जुड़ने का आह्वान

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक संपूर्ण देश नक्सल मुक्त कराने का ऐलान किया गया है। उस दिशा में सरकार की ओर से सभी माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति का मार्ग अपनाकर आत्मसमर्पण करके समाज के मुख्य धारा में जुड़ने का आह्वान किया गया है।

# 70 साल से अधिक उम्र वाले 25 हजार बुजुर्गों का बना आयुष्मान वय वंदना कार्ड, प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके साथ ही राजनांदगांव जिले ने प्रदेश में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराने का गौरव प्राप्त किया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 25 हजार 88 पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण किया गया है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदाय करने का प्रावधान है।

### 25088 पात्र हितग्राही पंजीकृत

आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत 25088 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 18262 एवं शहरी क्षेत्र से 6826 हितग्राही शामिल हैं। छुरिया विकासखंड अंतर्गत 4768 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 4630 एवं शहरी क्षेत्र से 138 हितग्राही शामिल हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 5122 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 4109 एवं शहरी क्षेत्र से 1013 हितग्राही शामिल हैं। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 4147 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 3696 एवं शहरी क्षेत्र से 451 हितग्राही शामिल हैं। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 11051 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 5827 एवं शहरी क्षेत्र से 5224 हितग्राही शामिल हैं।

## वाट्सएप के जरिये लोगों से शिकायत करने की अपील

# शादी-ब्याह में डीजे की आवाज को लेकर पुलिस सतर्क, शिकायत पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिलेभर में जारी शादी, ब्याह और अन्य आयोजनों में डीजे के उपयोग को लेकर अब पुलिस महकमा सतर्क हो गया है। पुलिस महकमा ने अपील जारी करते हुए अधिक आवाज में डीजे संचालन किए जाने की शिकायत करने कहा है।

शिकायत होने पर नियमों के तहत कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि तीन दिन बाद शादी के मुहूर्त पर लगभग ढाई महीने के लिए ब्रेक लग जाएगा। ऐसे में पुलिस महकमा देर से इस मामले को लेकर सतर्क हुआ है। जिला पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कृपया सामाजिक एवं कानूनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कार्यक्रमों में डीजे का उपयोग नियंत्रित ध्वनि-स्तर तथा निर्धारित समय सीमा में ही करें। पुलिस द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि यदि आपके क्षेत्र में अनियंत्रित-अत्याधिक ध्वनि वाले डीजे का उपयोग हो रहा है तो उसकी फोटो, लोकेशन सहित वाट्सएप नंबर +91 94791 92199 पर शिकायत करने कहा गया है। विभाग की तरफ से यह भी कहा गया कि सभी शिकायतों पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

### बच्चे-बुजुर्ग हो रहे परेशान, पढ़ाई में भी हो रही असुविधा

पुलिस महकमे द्वारा कहा गया कि इस समय विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाए जाने से पढ़ाई पर प्रभाव पड़ता है। वहीं इससे बुजुर्ग एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को परेशानी होती है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव के साथ ही सड़क पर चल रहे लोगों एवं आसपास के निवासियों को असुविधा होती है। इन असुविधा को देखते हुए डीजे संचालकों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। कहा गया कि डीजे मालिक-ऑपरेटर के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीजे लोडेड वाहनों में ओवरलोडिंग पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### वारिसान पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान



**सड़क अतरिया।** बीते माह की 15 तारीख से धान खरीदी किया जा रहा है परन्तु अभी तक वारिसान पंजीयन नहीं हुआ है। पंजीयन के नहीं होने से बहुत से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ पंजीकृत किसान की मृत्यु हो गई है लेकिन फौती नहीं होने के कारण उस किसान के वारिस धान नहीं बेच पा रहे हैं। हर सोसायटी में ऐसे किसानों की संख्या 25 से 30 है। समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। निर्मला विजय वर्मा किसानों की समस्या को देखते हुए समस्या का त्वरित निराकरण करने की अपील किया है।

### कनेरी मंडई 7 को

**टाटेकसा।** ग्राम कनेरी में आगामी 7 दिसम्बर को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुईयां के श्रृंगार नाच पार्टी होच्चेटोला का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पूर्व सरपंच कौशल चंद्रवंशी ने दी।

### स्कूल परिसर में पौधरोपण



**खुज्जी।** उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव चारभाठा परिसर में वन विभाग ने एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएँ तथा वन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न पौधों का रोपण किया और नियमित देखभाल कर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल प्रवीण देहारे एवं मीनाक्षी गणवीर ने वृक्षों का महत्व, प्रदूषण के खतरे और वन संरक्षण से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर दिलीप देवांगन, अविनाश साहू, नेमचंद मेरिया, कमलेश जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे।

### दीक्षा एप कराया डाउनलोड

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की कक्षा 9 वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को दीक्षा एप डाउनलोड कर या क्यूआर स्कैनर के



माध्यम से पढ़ना सिखाया गया। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के अध्ययन सामग्री प्राप्त होती है। प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी एवं अजय पाठक ने विद्यार्थियों को ऐप डाउनलोड कर या स्कैनर के माध्यम से लॉग इन कर किताबों में दिए गया क्यूआर स्कैनर के प्रश्न उत्तरों को मोबाइल में ही हल करना सिखाया। गया। हेपशीबा एंथोनी ने बताया कि दिया गया उत्तर सही है या नहीं इसका स्वमूल्यांकन भी तुरंत हो जाता है। यह ऑन लाइन तथा ऑफ लाइन दोनों स्थिति में काम करता है।

### शांडिल्य बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** छग प्रदेश नामदेव समाज के पदाधिकारियों का चुनाव गत दिनों रायपुर में संपन्न हुआ। ट्रस्ट समिति के बबलू शांडिल्य को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पिताम्बर स्वामी, संजय श्रीवास्तव, संजय गोमास्ता, रामकृष्ण कनौजिया, केशव नरेडी, छगन नामदेव, सत्तू नामदेव, सीटू सिंग, गोपाल मानिकपुरी, शैलेष बख्शी, शैलेष थानथराटे, प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य ने बधाई दी है।

### एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में गत दिनों विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राणीशास्त्र



के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों ने प्रस्तुत नाटक में जागरूकता संदेश को रोचक एवं सरल भाषा में दर्शाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, डॉ आशा चौधरी, डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ राकेश धृतलहरे आदि उपस्थित थे।

### धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बैहाटोला, आमदानी, ईटार और पांडादाह, घुमका धान खरीदी केंद्र पहुंचकर धान खरीदी का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित किसानों से परेशानियों की जानकारी ली।

### योग साधक गए हरिद्वार

**डोंगरगढ़।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संचालक स्वामी रामदेव महाराज के सानिध्य में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुरुष



प्रतिभागियों को 5 से 9दिसंबर तक मुख्य योग प्रशिक्षक बनने आमंत्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में आसन, प्राणायाम, भारतीय शिक्षा तथा गांवों में जाकर योग के गुर सिखाने के बारे में बताया जाएगा। तहसील प्रभारी संतोष टेमरे ने बताया कि शिविर में भाग लेने हेमंत साहू, मोहन शर्मा, श्रीनिवास जनवंधु, अशोक कुमार शेंडे, संतोष लांजेवार, श्याम सुंदर अग्रवाल, श्याम तिवारी, सत्येंद्र बिसेन, उज्जैन वर्मा, बीडी साहू, भीषण ठाकुर, राज कुमार टोपा, प्रहलाद पटेल आदि रवाना हुए।

## निधन



### बिन्दश्वरी पोद्दार

**डोंगरगढ़।** आदर्श नगर निवासी रेल्वे से सेवानिवृत्त बिन्दश्वरी पोद्दार का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम सस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

## ठेकेदार ने अधूरा काम छोड़ा, नए टेंडर की तैयारी

# राशि हो गई पूरी खर्च, पीएमश्री स्कूल डुंडेरा में निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए स्कूलों का चयन पीएमश्री स्कूल का दर्जा देते हुए राशि स्वीकृत किया गया है। अधिकारियों की लापरवाही से शासन की यह योजना भी गड़बड़ी का भेंट चढते नजर आ रही है। ग्राम डुंडेरा के स्कूल में विभिन्न कार्य के लिए नौ लाख की स्वीकृति मिली थी। ठेकेदार ने काम को अधूरा छोड़ दिया है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के ग्राम डुंडेरा के पीएम श्री स्कूल भवन निर्माण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। शासन ने बाल वाटिका के लिए 5 लाख और शौचालय के लिए 4 लाख की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृत 9 लाख खर्च होने के बाद भी सात महीने से कार्य अधूरा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया। निर्माण स्थल पर न तो सूचना बोर्ड लगा मिला और न ही कोई मजदूर या ठेकेदार। श्री वर्मा के शिकायत करने पर जनपद सीईओ भगवती साहू, मनरेगा इंजीनियर खिलेश्वरी निर्मलकर, सरपंच फिरतु चंद्रवंशी, सचिव नेहरू वर्मा, पंच आनंद राम वर्मा तथा रोजगार सहायक परमेश्वर जोशी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पीडब्ल्यूडी के ईई से बात करने पर पता चला कि ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है। नए ठेके की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**सात महीने से विभाग मौन**

अधूरे निर्माण का खुलासा होने के बाद सवाल यह है कि बीते सात महीने से विभाग हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठा है। निर्माण अधूरा रहने से स्कूल प्रशासन और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएम श्री स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए चयन किया गया है, ताकि स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा सके। ठेकेदार और अफसरों की उदासीनता के चलते पीएमश्री जैसे स्कूल में भी निर्माण में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

# सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में ट्रैक्टर रैली आज

- दर्जनभर गांव के किसान होंगे शामिल
- उपजाऊ जमीन खराब होने का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

संड़ी, विचारपुर पंडरिया क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में ग्रामीण कल शनिवार को ट्रैक्टर रैली निकाल कर ब्लाक एवं जिला मुख्यालय में आवेदन सौंपेंगे। फैक्ट्री को लेकर आगामी 11 दिसम्बर को अंतिम जनसुनवाई होना है।

क्षेत्र के किसान फैक्ट्री खोलने का जमकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूरे क्षेत्र में उपजाऊ भूमि है जिसके सहारे हजारों किसानों का जीवन यापन होता है। फैक्ट्री खुलने से जीवन यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। शनिवार को निकलने वाली ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने किसान नेता गांव गांव पहुंचकर ग्रामीणों को संगठित कर रैली में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। रैली में करीब डेढ़ दर्जन गांव के लोगों के शामिल होने की खबर है।

**पर्यावरण को खतरा**

सीमेंट फैक्ट्री खुलने से क्षेत्र में पर्यावरण प्रभावित होना मानकर क्षेत्र के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक गांव के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री खुलने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति, हवा, पानी आदि प्रभावित होगा जो लोगों के हित में नहीं है। किसानों की मांग है कि अगामी 11 दिसम्बर को होने वाली जनसुनवाई को रद्द कर क्षेत्र में फैक्ट्री खुलने की अनुमति नहीं दिया जाए।

# सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा



**खैरझिटी।** ग्राम में कलार समाज ने धूमधाम से सहस्त्र बाहु अर्जुनदेव जयंती मनाया। इस मौके पर सामुदायिक भवन के लिए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने 10 लाख देने की घोषणा की। इसी प्रकार जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश सिन्हा ने भवन के लिए 5 लाख, जनपद उपाध्यक्ष अनीता डांगेंद्र सिन्हा ने बोर खनन व बाउंड्रीवाल की घोषणा की। जयंती के मौके पर भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया। तत्पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से रखकर मांग पत्र को विधायक को सौंपा। जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, महिला मंच जिला अध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने समाज की एकता पर बल देते हुए भवन निर्माण के लिए राशि देने का आग्रह किया। इस अवसर पर त्रिवेणी सिन्हा, पूनमचंद सिन्हा, चन्द्रा सिन्हा, हंसा सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, डीगेंद्र सिन्हा, अशोक सिन्हा, संतराम सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, शेखूराम सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारती को भिलाई विस का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक रामजी भारती को भिलाई का प्रभारी बनाया गया है। भारती को भिलाई का प्रभारी बनाने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। डॉ. पीएल बाफना ने श्री भारती को प्रभारी बनाने का स्वागत किया है। श्री भारती पूर्व में भी विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं।



# किसान सम्मेलन 8 को, शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



आगामी आठ दिसंबर को छुईखदान में होने वाले किसान सम्मेलन को लेकर राजमहल में बैठक रखी गई। बैठक में कांग्रेस नेता नवाज खान ने कहा कि यहां होने वाला सम्मेलन किसानों को हो रही परेशानी के लिए किया जा रहा है। सरकार के ढुलमुल रवैए से किसान धान बेचने भटक रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को आयोजित किसान सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान सम्मेलन के आयोजन की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। माना जा रहा है कि किसान सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने सभी किसानों से छुईखदान पहुंचने की अपील की है। बैठक में गजेन्द्र ठाकरे, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, राजा गिरिराज किशोर दास, भूपेंद्र सिंह, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, देवराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, विजय वर्मा, प. मिहिर झा, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, भीगेश यादव, नित्य शरण सिंह, सुरेंद्र सिंह, उत्तम जंघेल, रज्जाक खान, नदीम मेमन, यतेंद्रजीत सिंह, रविन्द्र सिंह, दशमत जंघेल, मनोज जैन, संजय महोबिया, रिंकू गुप्ता, गोलू पाल, सुदीप श्रीवास्तव, अनिमेष महोबिया, संतकुमार, रानू खान, तबरेज खान, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# धान फसल लगाने पर पूर्णतः रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- लगाने पर अर्थदंड का प्रस्ताव

ग्राम पंचायत घुपसाल कु में आयोजित ग्रामसभा में रबी सीजन में धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामीणों ने साल दर साल गहराते जलसंकट को देखते हुए धान फसल लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। भू-जल स्तर में लगातार गिरावट को दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत घुपसाल कु में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। ग्रामसभा में ग्रीष्मकाल में भू-जल स्तर की गिरावट को ध्यान में रखते हुए रबी सीजन में धान फसल को पूर्णतः प्रतिबंध करते हुए धान के बदले अन्य फसल लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में धान फसल लेने से पेयजल संकट उत्पन्न होता है, जिससे गंभीर समस्या से गुजरना पड़ता है। ग्रीष्मकाल में धान फसल लेने वाले किसानों को ग्राम स्तर पर ग्रामीणों ने आर्थिक जुर्माना लगाकर दंडित करने का फैसला लिया है।

# उदित मुनि नाम साहेब का डोंगरगढ़ आगमन 10 को

- शहर में निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



दामाखेड़ा के 16 वें वंश प्रतापाचार्य पंथश्री हुजुर उदित मुनि नाम साहेब का धर्मनगरी मे प्रथम आगमन आगामी 10 दिसंबर को होगा। यहां मेला ग्राउंड में भेंटबंदगी, सत्संग कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम में राजनांदगांव सहित अन्य जिलों के कबीर पंथी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर केडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधियों ने मेला स्थल का निरीक्षण किया एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। अलग-अलग विभाग के प्रभारी बनाकर उन्हें कार्यभार सौंपा गया। शोभायात्रा को रूट मैप तैयार किया गया। शोभायात्रा हाईस्कूल से गोल बाजार, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, अंडरब्रिज होते हुए मेला ग्राउंड पहुंचेगी। इस दौरान उत्तम साहू, नंदकिशोर साहू, चुमनदास, लीलदास महंत, गोपाल मानिकपुरी, योधन साहू, महेश साहू, नेमचंद साहू, भीखम साहू, कोमल साहू, रामजी तराने, कामेश साहू, घनश्याम साहू, पुरुषोत्तम मानिकपुरी, दुर्गा साहू, राजू मानिकपुरी, पुहुक साहू, बुधराम साहू, लोचन मानिकपुरी, निर्मल साहू, छबिल साहू, राजकुमार गहरवार आदि उपस्थित थे।

## सेवा में जुटी गांव की मितानिनों का सम्मान

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में बीते दिवस मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्य में निरंतर समर्पित मितानिन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संतोष यदु ने मितानिनों के समर्पण को ग्राम की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उनके निरंतर सहयोग एवं सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, बच्चों की पोषण निगरानी, मलेरिया, डेंगू, वायरल संक्रमण से बचाव, स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव बिंदियां मानिकपुरी, पंचायत प्रतिनिधि, मितानीन आदि शामिल हुए।



## संगठन की मजबूती पर चर्चा

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने प्रदेश कांग्रेस भवन में अध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर तक चल रहे कार्य एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिला नेतृत्व को संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर सक्रिय रहने तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने के निर्देश दिए। कोमल साहू ने प्रदेश नेतृत्व को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश स्तर से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप बूथ स्तर तक अधिक मजबूती से अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। मुलाकात के अवसर पर गिरिराज किशोर दास, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, देवराज किशोर दास, मिहिर झा, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, दशमत जंघेल, भीखम छाजेड़, अब्दुल रज्जाक खान, जितेंद्र गौर, भीगेश यदु, अमन सोनी, रिंकू गुप्ता, नदीम मेमन, उत्तम जंघेल, राजा सोलंकी, मोहन सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान श्री साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मलकीत सिंह से भी सौजन्य भेंट की। श्री सिंह ने संगठन को और अधिक जमीनी स्तर पर सक्रिय करने की रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस के जनसंवाद कार्यक्रम तथा जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए जिले की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है। मुलाकात के दौरान जिला संगठन ने प्रदेश नेतृत्व को संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, साथ ही आने वाले समय में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में ठोस कदम उठाने का संकल्प व्यक्त किया।

## लैंगिक उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** नेहरु महाविद्यालय में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान प्रत्येक संस्था की जिम्मेदारी है। इस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रत्येक छात्र-छात्रा एवं कर्मचारी को होना आवश्यक है। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, शिकायत निवारण प्रक्रिया, समिति की संरचना एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। नीलम चतुर्वेदानी, डॉ. नीता राजपुत तथा तूलिका चक्रवर्ती ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, संवेदनशीलता एवं शिकायत प्रक्रिया के संबंध में उपयोगी जानकारी दी।



# श्रद्धा से मनाया वरदान दिवस



- पूजा में शामिल हुए अग्रवाल समाज के नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय अग्रवाल समाज ने संस्थापक महाराजा अग्रसेन को माता कुल लक्ष्मी से अखंड सौभाग्य एवं धनधान्य के आर्षिवाद को पुरानी परंपरा के अनुसार वरदान दिवस धूमधाम से मनाया।

समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिकों ने माता लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की विधिविधान से पुजा अर्चना किया। अतिथियों ने माता लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन महाराज के वरदान से जुडी और जनहित कल्याण के लिए किये गये प्रयास को रख कर समाज के लोगों को सेवा भाव रखने की बात कही। कार्यक्रम में मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदेष अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री बिरेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष लक्ष्मीनारायाण अग्रवाल, गणेश नरेडी, कन्हैया अग्रवाल, प्रकाश मंगी लाल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, गिरधारी मेहारिया, अभिषेक अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, कन्हैया मोदी, संजय नरेडी सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### इंदामरा के ग्रामीणों ने किया रक्तदान

**इंदामरा।** ग्राम में गत 4 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गाँव के युवाओं रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया। वहीं महिलाओ ने भी रक्तदान किया। सरपंच योगेश यादव ने बताया कि वर्तमान में करोड़ों लोग रक्त की कमी से जुझ रहे है। उन्हे जीवनदान के लिए रक्तदान करना जरूरी है। कार्यक्रम में सरपंच योगेश यादव, उपसरपंच गजेंद्र वर्मा, सचिव, सभी पंच एवं ग्रामवासियों ने सहयोग दिया।

### सत्संग में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

**डोंगरगढ़।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज का गत 4 दिसंबर को रायपुर पदार्पण हुआ। 4 से 7 दिसंबर बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में आयोजित सत्संग में भाग लेने क्षेत्र के सैकड़ो साधक रायपुर गए हैं। मंडल अध्यक्ष एनआर देवांगन ने बताया कि सत्संग प्रतिदिन सुबह 9 से 11.30 बजे तक और शाम को 5 से 7.30 बजे तक चलेगा। रविवार को मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम होगा।

### 7 को होगी उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा

**खैरागढ़।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अध्यक्ष व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल व प्राधिकरण उपाध्यक्ष और जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम तहत बुनियादी साक्षरता व संख्याज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन रविवार सात दिसम्बर को होगा। परीक्षा में जिले के कुल 6794 नवसाक्षर शामिल होंगे। स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय या 200 घंटे का अध्यापन पूर्ण करने वाले सभी नवसाक्षरों के लिए यह परीक्षा अनिवार्य होगी।

### अपर कलेक्टर शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र 14 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 17 दिसम्बर को समाप्त होगा। विधानसभा सत्र के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं सहित अन्य जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त भू-अभिलेख एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर शर्मा का दूरभाष क्रमांक 07744-227627, मोबाईल नंबर 7748851177, ई-मेल आईडी rajnandgaon.cg.@gov.in है।

### बबूल के 25 से 30 पेड़ों को मशीन के सहारे काटा गया

# मुरूम का अवैध खनन करने दर्जनों पेड़ों की कटाई, माफिया सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद चौक के समीप मुरूम का अवैध उत्खनन करने के लिए यहां दर्जनों बबूल के पेड़ों को काटा गया है। मंगलवार को अवैध खनन का मामला सामने आने के बाद आज यहां पर अवैध खनन में लगी वाहनों को हटा दिया गया है। खनन माफियाओं द्वारा मुरूम ले जाने के लिए बबूल के लगभग 25-30 वृक्षों को कटर मशीन के सहारे काटकर गिरा दिया गया है।

शहर के गौरवपथ के किनारे राजगामी की जमीन पर मुरूम की जगह-जगह ढेर लगी हुई है। बताया जा रहा है कि यहां निर्माण कार्य करने के लिए कुछ वर्ष पहले मुरूम डाला गया था। इसके बाद यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ, लेकिन कई ट्रीप मुरूम की ढेर पड़ी रही, जिस पर खनिज माफियाओं की नजर पड़ी और इस मुरूम की ढेर को उठाने के लिए यहां अवैध उत्खनन का कार्य शुरू कर दिया गया।

## गौरवपथ किनारे डंप मुरूम पर नजर

#### शिकायत के बाद कार्रवाई शून्य

शहर के बीच अवैध खनन की शिकायत होने के बाद खनन माफिया यहां से भाग खड़े हुए हैं। यहां पर किए जा रहे अवैध खनन को प्रतिमा स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से देखकर खनन माफियाओं तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन शिकायत के बाद भी विभागीय कार्रवाई इस ओर शून्य नजर आ रहा है।



#### पखवाड़ेभर से हो रहा था अवैध खनन

बीते लगभग 15 दिनों से यहां पर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा स्थल के पीछे लगभग तीन-चार फीट ऊंची मुरूम की ढेर को जेसीबी के माध्यम से उत्खनन कर लिया गया। खनन माफियाओं द्वारा यहां लगभग 1 फीट गहरा गड्ढा भी कर दिया गया है। जिसमें बारिश के दिनों में पानी का जमाव होगा।

#### खनन में लगे थे वाहन

इस स्थल पर मुरूम की कई जगह, जगह कई ढेर लगी हुई है, जिसे ले जाने के लिए खनन माफियाओं द्वारा यहां पर बबूल के वृक्षों को काटा गया है। यहां मवेशी चराने पहुंचने वाले चरवाहों ने बताया कि यहां पर ट्रैक्टर, डंफर और जेसीबी वाहन खनन में लगे हुए थे। उन्हें लगा था कि कोई सरकारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए मुरूम को हटाया जा रहा है।

# स्कूल में एड्स दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर

### रानी रश्मि देवी सिंह स्कूल में आयोजन

■ वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से विस्तार से विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मंथली प्लान का एक्शन तहत जिविसेप्रा राजनांदगांव अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशानुसार व सचिव निलेश जगदल्ला और तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहिनी कंवर के मार्गदर्शन में सलोनी स्थित रानी रश्मि देवी सिंह पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडक़र ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कुमारी आकांक्षा खलखो ने एड्स पर विस्तार से जानकारी देते हुए इसके समाज पर प्रभाव, शीघ्र पहचान और रोकथाम उपायों के बारे में बताया। उन्होंने इस बीमारी से जुड़े कलंक व भेदभाव को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया वही महत्वपूर्ण विधिक मुद्दों जिसमें बच्चों से यौन शोषण की रक्षा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ अधिनियम और साइबर सुरक्षा व साइबर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि इन विधिक ढांचों को जानना इसलिए आवश्यक है क्योंकि वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिजिटल दुनिया में भी सुरक्षा बनाए रखने के लिए जानकारी जरूरी है। इन विधिक मुद्दों पर निरंतर शिक्षा व जागरूकता के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए ताकि वे जरूरतमंदों को विधिक सहायता और मार्गदर्शन दे सकें। पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि इस एचआईवी एड्स से बचने का सर्वोत्तम उपाय खुद जागरूक होकर लोगों को जागरूक करना है। प्राचार्य नरोत्तम वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के इस प्रयास ने समुदाय के कल्याण और सुरक्षा में विधिक जागरूकता की महत्ता को रेखांकित किया और यह सुनिश्चित किया कि लोग अपने अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित विषयों पर सही जानकारी प्राप्त करें। इस दौरान स्कूल स्टाफ सहित बच्चे बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग में स्पेशल एजुकेटर और दो हेल्पर की होगी भर्ती

**खैरागढ़।** जिले में संचालित विद्यालयों में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दोनो विकासखंड अंतर्गत कार्य करने स्पेशल एजुकेटर के दो पद और हेल्पर/आया/अटेंटेड के दो पदो पर भर्ती किया जाना है। स्पेशल एजुकेटर की भर्ती 12 माह और हेल्पर/आया/अटेंटेड भर्ती 11 माह के लिए होगा।

उपरोक्त समय अवधि पूर्ण उपरांत भर्ती निरस्त मानी जाएगी जबकि उच्च कार्यालय से दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर आवश्यकतानुसार सेवा वृद्धि पिछला कार्यकाल संतोषप्रद होने पर चयन समिति के अनुमोदन उपरांत की जा सकेगी।

स्पेशल एजुकेटर के लिए स्नातकोत्तर के साथ बीएड विशेष शिक्षा में अथवा बीएड सामान्य के साथ दो साल का डिप्लोमा विशेष शिक्षा में और हेल्पर/आया/ अटेंटेड के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण, स्थानीय बोली का ज्ञान व स्थानीय निवासी के आधार पर की जावेगी। भर्ती का आधार जारी मेरिट सूची होगा।

अनारक्षित वर्ग और अजजा के लिए स्पेशल एजुकेटर का एक एक पद स्पेशल एजुकेटर का और हेल्पर/आया/अटेंटेड का एक पद अनारक्षित व एक पद अनुसुचित जनजाति के लिए आरक्षित है। आवेदन पत्र प्रारूप, आवश्यक दिशा-निर्देश, नियम शर्ते जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदन पत्र स्पीड पोष्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में संबंधित लिपिक के पास 20 दिसंबर शाम पांच बजे तक जमा किया जा सकता है।

# प्राईस स्कीम सपोर्ट के तहत दलहन-तिलहन की खरीदी

■ पंजीयन 1 दिसंबर से 28 फरवरी 26 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों के उपज को स्थानीय बाजार में बेचने से कम कीमत मिलने पर होने वाले नुकसान को दूर करने शासन द्वारा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम प्रारंभ की गई है। जिसके तहत जिले में अब दलहन तिलहन फसल उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी।

इस संबंध में उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर व सरसों फसल बोने वाले सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में 1 दिसंबर 25 से 28 फरवरी 26 तक पंजीयन करा सकते है। आवेदन साथ ऋण पुस्तिका, पी-02, आधारकार्ड एवं बैंक पासबुक की प्रति आवश्यक है।

पंजीयन बाद फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सहकारी समिति में बेचा जा सकता है। इसके लिए जिले में तीन उपार्जन केन्द्र खैरागढ़ ब्लाक अंतर्गत बाजार अतरिया व मुढ़ीपार और छुईखदान ब्लाक में गंडई समिति को खरीदी के लिए अधिसूचित किया गया है। 1 दिसंबर 25 से 28 फरवरी 26 तक मूंग, उड़द और सोयाबीन का उपार्जन किया जाएगा वहीं 15 फरवरी से 15 मई 26 तक अरहर व सरसों की खरीदी की जाएगी। तीसरी श्रेणी में 1 मार्च से 30 मई 2026 तक चना व मसूर का उपार्जन निर्धारित किया गया है। उपार्जन सीमा को लेकर उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 25-26 में प्रति एकड़ अरहर, मूंग और उड़द की अधिकतम सीमा 3 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल और मूंगफली 7 क्विंटल निर्धारित की गई है। रबी विपणन वर्ष 26-27 में प्रति एकड़ चना उपार्जन सीमा 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल और सरसों 5 क्विंटल तय की गई है। विपणन वर्ष 25-26 में अरहर को 8 हजार, मूंग को 8 हजार 768, उड़द को 7 हजार 800 और सोयाबीन को 5 हजार 328 रुपए व रबी विपणन वर्ष 26-27 में चना को 5 हजार 875, मसूर को 7 हजार और सरसों को 6 हजार 500 रु प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होने संबंधित फसल लेने वाले किसानों को संबंधित सेवा सहकारी समिति में जाकर पंजीयन करा योजना तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लेने की अपील की है।

# कोल्डवार का असर, रिंकू गुप्ता ने छोड़ा विधायक प्रतिनिधि का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते कुछ महीनों से जारी विधायक और संगठन गुट का कोल्ड वार थमने का नाम नही ले रहा है। जिलाध्यक्ष पद पर कोमल साहू की ताजपोशी के बाद से संगठन गुट के नेताओं हौसला बुलंद हो गया है।

इसी कड़ी में संगठन गुट की अनुशंसा पर जालबांधा पुलिस चौकी और उप तहसील में विधायक प्रतिनिधि के रूप में नामित रिंकू गुप्ता ने विधायक यशोदा वर्मा पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए त्यागपत्र दे दिया है। रिंकू गुप्ता ने अपने त्याग पत्र में कहा है कि उन्हें विद्यायक प्रतिनिधि बनाया गया था, लेकिन जालबांधा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं मे बढ़ोतरी संबंधी मांगों या समस्या निराकरण को लेकर विधायक गंभीरता नहीं दिखा रही जिसके चलते कार्यकर्ता रुष्ट हो रहे है। सीधे संवाद की स्थिति नहीं होने के कारण अपनी नाराजगी विधायक प्रतिनिधि पर निकाल रहे है।

पूरा जालबांधा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ है और हमेशा यहां से कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते लगभग हर चुनाव कांग्रेस जीतते आ रही है। समस्या निराकरण और मांग पूरी नहीं होने के चलते कार्यकर्ता हताश परेशान हो रहे है और पार्टी के प्रति आक्रोश पैदा हो चुका है। उनकी अनदेखी के कारण यह वातावरण निर्मित हुआ है इसलिए विधायक प्रतिनिधि पद से मुक्त कर इस्तीफा स्वीकृत करे। पत्र में रिंकू गुपता ने यह भी कहा है कि वो अपनी पूरी जिंदगी कांग्रेस के आम निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह निस्वार्थ भाव से पार्टी का परचम लहराते रहेंगे।

#### विधायक को दोष देना गलत

विधायक प्रतिनिधि पद से रिंकू गुप्ता के त्यागपत्र देने के बाद सोशल मीडिया में भी विधायक गुट की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। डॉ पूरन सारथी ने स्पष्ट लिखा है कि बहुत सारे सीनियर नेता विधायक प्रतिनिधि के रूप में विधायक के नेतृत्व में काम कर रहे है। जवाबदारी अनुरूप कार्य नहीं कर पाने वाले लोग स्वयं इस्तीफा दे रहे हैं इसमें किसी को दोष देना ठीक नहीं है।

# पशु तस्करी में जब्त 3 वाहन हुए राजसात

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम के प्रावधान तहत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पुश तस्करी मे लिप्त तीन वाहनों को शासन के पत्र में राजसात किया है। जानकारी अनुसार ग्राम काटी के मिनेश गोलेंद्र जिला गोंदिया मप्र के स्वामित्व के जब्तशुदा वाहन एमएच 35 ऐजे 3741, शेंदर वासुदेव ग्राम चौरेंगा जिला बलौदाबाजार छग के स्वामित्व के जब्तशुदा वाहन बोलेरो पिकप सीजी 11 एएस 2340 और दिलेश्वर कुमार वासुदेव ग्राम चौरेगा जिला बलौदाबाजार छग के स्वामित्व के जब्तशुदा बोलेरो पिकप वाहन सीजी 04 जेडी 2970 को शासन के पक्ष में राजसात किया है। जारी आदेश के अनुसार विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का नियमानुसार निलामी की कार्रवाई की जाएगी और प्राप्त राशि को शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में अधिवक्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

उप्र के कानपुर में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत के आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू बतौर अतिथि वक्ता शामिल हुए।

मप्र हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट अशोक कुमार बैन जबलपुर के मुख्य आतिथ्य और संघ के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट बीएम सिंह इलाहाबादकी अध्यक्षता में महंत गणेशराम कॉलेज सभागार में आयोजित सम्मेलन में देश भर से आए सैकड़ों अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के साथ छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। अतिथि वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता व शैक्षिक प्रगतिशील मंच के संयोजक विप्लव साहू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सभा को संबोधित करते हुए विप्लव साहू ने विधायिका में आरक्षित प्रतिनिधित्व की व्यवस्था पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करते हुए कहा कि आरक्षण ने भारतीय समाज में थोड़ा-बहुत संतुलन जरूर कायम किया है, लेकिन जातीय स्तरीकरण और सामाजिक-आर्थिक असमानता अभी भी बहुत गहरी है। सिर्फ कानूनी अधिकार काफी नहीं हैं, हर व्यक्ति को अपने परिवार, अपने वार्ड और अपने प्रभाव क्षेत्र की जिम्मेदारी स्वयं उठानी होगी और नैतिक कर्तव्य निभाना होगा।




#### यात्रा अवश्य करनी चाहिए

अतिथि वक्ता विप्लव साहू ने प्रसिद्ध लेखिका मार्था मेडिरोस की मशहूर पंक्तियों का उल्लेख कर जीवन दर्शन की प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें यात्रा अवश्य करनी चाहिए चाहे नए स्थान की हो, किताबों की हो, जीवन और रिश्तों की यात्रा हो या नए कार्यों में समय निवेश करने की यात्रा हो, जो व्यक्ति यात्रा करना बंद कर देता है, वह धीरे-धीरे जीते जी मरने लगता है। सम्मेलन में प्रदेश से शाकिर कुरैशी, जेडी महिलांगे, एडी वर्मा, विक्रम यद्धु, रामकुमार जांगड़े, राजेन्द्र जंघेल, कौशल कोसरे, साबरा खान, प्रमोद कोर्राम व विक्की सिन्हा ने शामिल हुए। सम्मेलन मे प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को विशेष रूप से सराहा गया।

### समस्याओं, शिकायतों व सुझावों पर खुली चर्चा के लिए किया प्रोत्साहित

# साइबर जागरूकता थीम पर मना थाना दिवस पुलिस अधीक्षक ने आमजनों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनप्रतिनिधियों और आमजनों को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझावों पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित करने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में महीने के पहले और तीसरे गुरूवार थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है जहॉ पुलिस अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर आम लोगों से खुली बातचीत करते है और उनकी समस्या, शिकायत व सुझाव को अमलीजामा पहनाते है।

खैरागढ़ थाने में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा साइबर फ्रॉड और नए आपराधिक कानून के सम्बंध में जानकारी, महिला व बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारीदिया।



साइबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने सभी थाना चौकी प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डो में साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता का आयोजन करने आवश्यक निर्देश दिया साथ ही आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत दिया।

थाना दिवस पर अलग अलग थाना क्षेत्र की समस्याएं सामने आई जिसमें शराब बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थ गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन, यातायात नियमों की अनदेखी कर शराब सेवन करने वाले चालकों पर कारवाई, साइबर संबंधी समस्या, नाबालिगो द्वारा वाहन चलाने, शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने, मवेशी संबंधित अव्यवस्था और सड़क दुर्घटना को लेकर थी। शिकायत सुझाव सुनने के बाद त्वरित कार्यवाही करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। वही साइबर एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों पर कड़ी कारवाई करने कहा गया।

#### वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

थाने मे एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और उसके तत्काल निराकरण किया वही साइबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 और यदि अंजान नंबर से बार बार धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है तो संचार क्रांति के चक्षु पोर्टल पर दर्ज कराने कहा। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी थाना दिवस के अवसर पर अलग-अलग थानों में जाकर समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश गौतम थाना ठेलकाडीह और गातापार जंगल में, एसडीओपी गंडई छुईखदान और जालबांधा में, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गंडई व मोहगांव में, साइबर सेल प्रभारी ने साल्हेवारा और बकरकट्टा में उपस्थित होकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया साथ ही नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी दी। थाना दिवस का आयोजन कर पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पूरे जिले में शराबखोरी, नशेबाजी और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोजन का उदेश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस और आम नागरिकों के मध्य संबंधो को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है और साथ ही उनकी समस्याओ और चिंताओ का त्वरित निदान है।

# नेशनल लोक अदालत 13 को सफल बनाने बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशानुसार तालुक विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एडीजे मोहनी कंवर की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों, सरकारी व निजी बैंक व फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

नेशनल लोक अदालत शनिवार 13 दिसंबर को आयोजित होगा जिसमें अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सीजेएम निधि शर्मा, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो, अंकित सिंह राजपूत, उज्ज्वल कुमार, दीपक कुमार साहू, सूर्यकांत देवांगन, जेसी चंद्राकर, कोमल ठाकुर, पियूषचंद्र यदु, सीआर चूरेंद्र, रामकुमार जांगड़े, रविप्रताप सिंह, चिरंजय जंघेल और पीएलवी गोलूदास साहू सहित अधिवक्ता संघ पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। गौरतलब है कि नेशनल लोक अदालत में व्यवहार प्रकरण यथा संपत्ति संबंधी वाद, धन वसूली संबंधी वाद, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक व अन्य मामले, विशेष न्यायालय विद्युत अधिनियम में लंबित प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामलो का निराकरण होता है।



#### आसानी से मिल जाता है न्याय

यहॉ प्रकरणों के निपटारे से शीघ्र न्याय मिलता हैं और दोनों पक्षों की जीत होती है। आपसी राजीनामा के कारण मामलों की अपील नहीं होती। दीवानी प्रकरणों के परिणाम तुरंत मिलता है। दावा प्रकरणों में बीमा कंपनी द्वारा राजीनामा मामलों में तुरंत एवार्ड राशि जमा कर दी जाती है। लोक अदालत में राजीनामा करने से बार-बार अदालतों में आने से रुपयों, समय की बर्बादी व अकारण परेशानी से बचा जा सकता है। लोक अदालत में राजीनामा करने से दीवानी प्रकरणों में कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस मिल जाती है, किसी पक्ष को सजा नहीं होती। मामले को बातचीत द्वारा सफाई से हल कर लिया जाता है। सभी को आसानी से न्याय मिल जाता है वही यहा हुए फैसले के विरूद्ध कहीं अपील नहीं होती है।

व्यापम द्वारा 7 दिसम्बर को होगी परीक्षा, जिले में बनाए गए 15 परीक्षा केन्द्र, 4624 परीक्षार्थी होंगे शामिल, निर्देशों का पालन अनिवार्य

# हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहने परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में दिया जाएगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा (डब्ल्यूआरडीए-25) का आयोजन 7 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 4624 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार आज संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन द्वारा केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक और उड़न दस्ता टीम की प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में व्यापक एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सुरक्षा, सतर्कता और अनुशासन के साथ परीक्षा संचालन हो, अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। संयुक्त कलेक्टर देवांगन ने कहा कि परीक्षा दिवस पर उपस्थित रहकर सभी कार्यों की निगरानी करें, ताकि जिले में अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए। जिसका पालन करना परीक्षार्थियों के लिये अनिवार्य होगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

### व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी, पालन करना अनिवार्य



परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा प्रातः 12.00 बजे से प्रारंभ हो रही है अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

### केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति

परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उत्तारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।

### परीक्षार्थी फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें

परीक्षार्थी फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

## कबीरधाम जिले के 191 श्रद्धालुओं के तीर्थ यात्रा के सपने हुए पूरे




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपराओं में तीर्थयात्रा का विशेष स्थान रहा है। सदियों से श्रद्धालु पवित्र स्थलों के दर्शन को जीवन का सौभाग्य मानते आए हैं। विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक सुख और शांति का अनोखा अनुभव होता है। लेकिन आर्थिक अभाव, स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयाँ और उपयुक्त व्यवस्था न होने के कारण अनेक लोगों के मन की यह अभिलाषा कई बार अधूरी रह जाती थी। ऐसे समय में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना आशा, सम्मान और अध्यात्म का नया दीपक लेकर आई है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई यह योजना न केवल एक प्रशासनिक निर्णय है, बल्कि एक गहन मानवीय संवेदना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों, विधवा, परित्यक्त एवं दिव्यांगजनों को पवित्र स्थलों के निःशुल्क दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। यह पहल श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिकता उर्जा का नया अध्याय जोड़ रही है। कबीरधाम जिले में इस योजना से अब तक 191 श्रद्धालुओं का तीर्थ यात्रा का सपना पूरा हुआ है। इन तीर्थ यात्रियों ने शिरडी, शनि सिंघनापुर और त्रयंबकेश्वर के दिव्य दर्शन कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया है। योजना के तहत तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें पूरी यात्रा निःशुल्क है। साथ ही भोजन एवं पेयजल, आरामदायक आवास, स्वास्थ्य सेवाएँ, सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। इन व्यवस्थाओं ने यात्रियों के लिए सफर का न सिर्फ सुविधाजनक बनाया है, बल्कि यह अनुभव श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया है।

## पिपरिया महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया एड्स के प्रति जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



महंत श्री रामजानकी शरणदास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बलबीर सिंह मेडिकल ऑफिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया ने एस एचआईवी एड्स से संक्रमित होने के कारण एवं बचाव हेतु उपाय के बारे में जानकारी प्रदान किए। प्राचार्य डॉ. एस के श्रीवास ने कहा कि एड्स के प्रति सतर्कता और जानकारी ही एड्स का बचाव है, साथ ही डॉ. योगेश पैकरा ने तंबाकू से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान किए। विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारती, संजना , प्रभा, दीप्ति, सरिता, नेहा, सोनम, लक्ष्मी, पायल, देवदासिनी, पार्वती, हिमांशु, ओमकार, आदि छात्रों ने भाग लिया एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के अंत में रासेयो के स्वयं सेवकों ने रिबन आकर में मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण किए। उक्त कार्यक्रम में सत्येन्द्र चंद्रवंशी सहा प्राध्यापक, एल के सोनी, राघवेन्द्र पाटिला, जयंत पटेल, मनोज डहरिया, त्रिलोकचंद सर, सीआर साहू एवं समस्त प्राध्यापकगण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ का प्रांतीय बैठक 07 दिसंबर को कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की प्रांतीय बैठक 07 दिसंबर 2025 को प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव के अध्यक्षता में कवर्धा में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है, उक्त संबध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि बैठक उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारी सहित सभी जिला अध्यक्षों के उपस्थिति में वर्ष 2025 का प्रांतीय अधिवेशन आमसभा आयोजित करने हेतु स्थान एवं तिथि पर चर्चा होगी साथ ही कबीरधाम जिले के संगठन के पदाधिकारियों का एक साथ दुर्भावना पूर्ण किए गए प्रशानिक स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराने संगठन द्वारा किए गए प्रयास पर चर्चा एवं आवश्यक रणनीति तैयार की जावेगी। पदोन्नति में आरक्षण मामले अनुच्छेद 16 ( 4) ए सह पठित अनुच्छेद 335 एवं सुप्रीम कोर्ट न्यू दिल्ली द्वारा जारी अंतरिम राहत आदेश के परिपालन कराने रणनीति सहित विभिन्न संवैधानिक मुद्दो पर चर्चा । संगठनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर चर्चा तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य ज्वलंत मुद्दो पर चर्चा होगी । बैठक में कबीरधाम जिले के सभी जिला पदाधिकारी, संरक्षक एवं ब्लॉक पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे ।

## व्यसन मुक्त भारत अभियान रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा




गायत्री प्रज्ञापीठ पेन्ड्रीकला रापा एवं शासकीय उच्च माध्यिमक शाला कुण्डा द्वारा व्यसन मुक्त भारत अभियान नशा मुक्त रैली निकाला गया जिसमें नशा पाप का जड़ शराब से जो इंसान के लिए जहर है जो जीवन एवं परिवार को बर्बाद कर देता है, जिससे हमारे तन मन धन भी चला जाता है घर के शिक्षा दीक्षा चली जाती है उपस्थित छात्रा-छात्राओं के द्वारा रैली निकाली जिसमें छोड़ दो शराब पीना बेकार, बिड़ी पीकर खांस रहे हो मौत के आगे नाच रहे हो आदि नारा लगाया गया इस कार्यक्रम में 700 छात्र-छात्राओं के साथ शासकीय उच्च माध्यमिक शाला कुण्डा एवं गायत्री परिवार के लोग उपस्थित रहे। वही शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के प्राचार्य गुरूदीपक सिंह, सुनील तिवारी एवं समस्त व्याख्याता गण के साथ गायत्री प्रज्ञापीठ से रामावतार चन्द्राकर, बैजनाथ निर्मलकर, धनजय यादव, कुमारराम चन्द्राकर, दिलेश्वर निषाद एवं आस पास के नागरिको के द्वारा भाग लिया गया तथा नशा न करने का संकल्प लेकर लिया गया अंत में कुण्डा प्राचार्य एवं प्रज्ञापीठ के व्यवस्थापक द्वारा गुरू एवं शिष्य का महत्व गायत्री मंत्र से लाभ के साथ नशा से होने वाले क्षति के संबंध सम्बोधन कर विस्तृत रूप से बताया गया।

## जिले के 324 शिक्षकों का उच्च परीक्षा अनुमति आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले के 324 सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला व प्रधान पाठक प्राथमिक शाला का सत्र 2025-26 में उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति व अनापत्ति पत्र जारी हो गया है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में विगत 19 नवम्बर को डीईओ से हुए चर्चा के उपरांत 26 नवम्बर को यह आदेश जारी किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## छग में लाल आतंक को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृहमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शुक्रवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। सांसद पांडेय ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद, पत्थबाजों और अर्बन नक्सलियों को समाप्त करने की दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और छत्तीसगढ़ में लाल आतंक को समाप्त कर नागरिकों के जीवन में स्थायित्व व शांति स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजनाबद्ध और संगठित रणनीति के साथ कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, खुफिया तंत्र की मजबूती, तीव्र विकास कार्यों और जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा विकास, विश्वास के मॉडल को प्राथमिकता दी गई, जिससे न केवल उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ, बल्कि स्थानीय युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के अवसर भी बढ़े हैं।

सांसद पांडेय ने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, मोबाइल नेटवर्क और रोजगार जैसे बुनियादी ढांचे के विस्तार ने उन क्षेत्रों की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है, जो लंबे समय तक हिंसा और उपेक्षा का दंश झेलते रहे थे। आज छत्तीसगढ़ तेजी से शांति, प्रगति और विश्वास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, जो एक सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## एचडीएफसी बैंक कवर्धा के स्टाफ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को एचडीएफसी बैक के स्टाफ जिला अस्पताल कवर्धा में रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया इस शिविर में लोगों का रक्तदान के प्रति काफी उत्सुकता देखने को मिला साथ में लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया ताकि रक्तदान महादान का संदेश जन-जन तक पहुंच सके एचडीएफसी बैक के मैनेजर गौतम कुमार वर्मा ने रक्तदान का महत्व भी बताया कि एक यूनिट रक्तदान तीन लोगों का जीवन बचा सकता है गौतम कुमार वर्मा ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए अपील किया और इस पुण्य काम के प्रति समाज को जागरूक भी किया गया इस आयोजन में प्रमुख रूप से गौतम कुमार वर्मा, डेनी अलेक्जेंडर, जीता साहू और एचडीएफसी बैक के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

विश्वास और नेतृत्व की नई मिसाल सामाजिक कार्यों से मजबूत हुआ समर्थन

## पांचवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने अभिताभ नामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




नामदेव समाज कबीरधाम को अनेक उपलब्धियाँ दिलाने का श्रेय अभिताभ नामदेव एवं उनकी कुशल नेतृत्व टीम को जाता है। उनके मार्गदर्शन में समाज के हित में कई ऐतिहासिक कार्य सम्पन्न हुए, जिनके चलते जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में उनके पक्ष में सकारात्मक माहौल बना।

इसी विश्वास के आधार पर समाज ने उन्हें पांचवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुनकर सम्मानित किया है।

कुछ समय पूर्व अभिताभ नामदेव ने जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर नए चुनाव की घोषणा की थी। इसके बाद जिला सचिव ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर चुनाव प्रक्रिया को विधिवत अपनाया और जिलेभर के सभी सदस्यों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

किन्तु जिलाध्यक्ष पद के लिए अभिताभ नामदेव के सामने किसी ने भी नामांकन प्रस्तुत नहीं किया, जिसके चलते वे पुनः सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए। सभा में जिलेभर के पूर्व सभी सामाजिक पदों को शून्य घोषित कर आगामी तीन वर्षो के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अभिताभ नामदेव को पुनः जिलाध्यक्ष चुना गया तथा अन्य पदों पर भी नए दायित्व सौंपे गए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण नामदेव समाज जिला कबीरधाम संरक्षक शिव कुमार नामदेव, अशोक नामदेव, पुरन लाल नामदेव, गणेश नामदेव, जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव, उपाध्यक्ष चंद्र कुमार नामदेव, जिला सचिव कैलाश नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष विजय नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी बसंत नामदेव, सह सचिव हेमंत नामदेव, नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष राजेश कुमार नामदेव, नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष सुनील आनंद नामदेव उपस्थित थे।

### समाज में हर्ष का वातावरण

मीडिया प्रभारी बसंत नामदेव ने बताया कि समाज के लोगों में पुनः उत्साह और खुशी का वातावरण है। किसी सदस्य ने पदाधिकारी बदले जाने की इच्छा व्यक्त नहीं की, क्योंकि वर्तमान टीम समाजहित में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिले में नामदेव समाज का अपना भव्य भवन मौजूद है। हाल ही में, 17 नवंबर 2025 को आयोजित समाज जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंच से अभिताभ नामदेव एवं उनकी टीम की सराहना की थी और भवन में एक और मंजिल निर्माण करवाने की घोषणा की थी। इससे पूर्व सांसद संतोष पांडेय भी संत नामदेव भवन हेतु 3 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं।

## रजत जयंती वर्ष पर तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संघ मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्राथमिक लघु वनोपज समितयां रेंगाखार, खारा, खैरबना, लालपुर राजानवागांव, मोतिमपुर, जूनवानी, सहसपुर, छोटुपारा, कोयलारझोरी एवं चिल्फी में तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलनों का सफल आयोजन किया गया। उक्त समस्त कार्यक्रम प्रबंध संचालक-वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। आयोजित सम्मेलनों में बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने सहभागिता करते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण, गुणवत्ता सुधार, पारिश्रमिक भुगतान प्रक्रिया एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सम्मेलन में सहायक प्रबंधक, समिति प्रबंधक, संचालक मंडल सदस्य, फड़ मुंशी, वनधन मित्र, ग्राम प्रतिनिधि, स्थानीय मार्गदर्शक, महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य तथा वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संग्राहकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने तथा संगठित रूप से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला पोलमी ने अपार आईडी कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया



**कुईकुकदूर।** विकासखंड पंडरिया के संकुल पोलमी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पोलमी ने शासन के महत्वपूर्ण कार्य अपार आईडी को 100 प्रतिशत पूर्ण करते हुए कुल 138 बच्चों के अपार आईडी जनरेट कर लिए हैं। इस उपलब्धि में सहायक शिक्षक मनोहर लाल घृतलहरे का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने स्वयं के खर्च से 10 बच्चों के नए आधार कार्ड बनवाए और 20 बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र व आधार अपडेट करवाए। वही प्रधान पाठक भरतलाल यादव, तथा शिक्षक घनश्याम कश्यप, हीरालाल धुर्वे और फिरतराम धुर्वे ने भी पूरा सहयोग दिया। इस कार्य से चांदनी, ललिता, कामिनी, यशोदा, अनुष्का, आदित्य, युवराज, अशोक, जगतरराम, नितेश सहित सभी विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

### धान काटने के बाद फिर से धान की पैदावार करने जुटे किसान



**बरबसपुर।** ग्रामीण अंचलों में इन समय धान की कटाई जोरों से चल रहे हैं जानकारी के अनुसार धान की कटाई मिसाई करने के बाद अब ग्रामीण अंचलों के किसानों ने फिर से धान की फसल पैदावार करने जुट गए हैं किसान खेतों में बोर पम्प के माध्यम से खेतों की सिचाई कर हल व ट्रैक्टर चलाकर तथा कोपर मारकर धान के बीज को अंकुरित कर खेतों में बुआई करने जुटे हुए है ताकि गर्मी के समय में धान की फसल की पैदावार हो सके कि सिंघनपुरी बरबसपुर जेवडन खुर्द राम्हेपुर कला सारंगपुर के किसानों ने धान काटने के बाद अब फिर से दोबारा धान की पैदावार करने लगे हैं खेतों में धान की अंकुरित बीज को बो रहे हैं ताकि गर्मी के समय पर धान की फसल अच्छे पैदावार हो सके उन्होंने बताया कि जिस तरह बरसात के दिनों धान की रोपाई किया जाता है लेकिन धान की कटाई अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर में होता है और धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य में बेचा जाता है इस तरह गर्मी के दिनों में भी धान की फसलों को समर्थन मूल्य में राज्य सरकार को खरीदना चाहिए ताकि किसानों की आमदनी दुगुनी हो सके।

### परिवाहन सुविधा केन्द्रो की अस्थायी चयन सूची जारी

**कवर्धा।** जिला परिवाहन अधिकारी ने परिवाहन सुविधा केन्द्रो की अस्थायी चयन सूची जारी कर दी है 28 आवेदन प्राप्त हुए थे। 9 आवेदकों को अस्थायी रूप से चयनित किया गया है दावा -आपत्ति 17 दिसंबर शाम 5.30 तक कर सकते है।

## निधन

### निधन संबतिया बाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव की निवासी श्रीमती समबतिया बाई, पत्नी स्वर्गीय गौतरीहा साहू, का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम के सक्रिय सामाजिक परिवारों में से राम अवतार साहू की माता थीं। गुरुवार को उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार कोलेगांव के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ट्रैक्टर पलटने से दो नाबालिगों की दर्दनाक मौत, चालक गंभीर तेज रफ्तार बना कारण

- संकरी सड़क बनी मौत का कारण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के बिडोरा सिंघनपुरी मार्ग पर गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहे ट्रैक्टर के पलट जाने से दो नाबालिग बच्चों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक भी घायल हुआ है, जिसका उपचार जारी है। मामले के अनुसार, ग्राम अमलीडीह निवासी जीवन पटेल के महिंद्रा ट्रैक्टर को नाबालिग चालक भूपेश छेदावी पिता रामनाथ आयु 16 वर्ष चला रहा था। उसके साथ ट्रैक्टर इंजन में गांव के ही दो किशोर-योगेश नेताम पिता संतोष आयु11 वर्ष और कैलाश वर्मा पिता तुलसी वर्मा, आयु 16 वर्ष बैठे हुए थे। तीनों लाखाटोला से वापस अमलीडीह की ओर लौट रहे थे।

बताया गया कि ग्राम बिडोरा होते हुए जैसे ही ट्रैक्टर सिंघनपुरी के जंगल मार्ग पर पहुंचा, संकरी सड़क और तेज रफ्तार के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर बीच सड़क में ही पलट गया, जिसके नीचे दबने से दोनों नाबालिगों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल पर चीख-पुकार का माहौल रहा और परिवारजन घटना की सूचना मिलते ही बदहवासी में स्थान पर पहुंचे।



### ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस ने शुरू की विवेचना

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि बिडोरा–सिंघनपुरी मार्ग वर्षों से संकरा है और इस रास्ते पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। सड़क संकरी होने और मोड़ों पर सुरक्षा व्यवस्था न होने से आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ ही दिनों में इस मार्ग पर चार लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। सूचना मिलते ही सहसपुर लोहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा ट्रैक्टर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क चौड़ीकरण, सुरक्षा दीवार, साइन बोर्ड और स्पीड कंट्रोल जैसी व्यवस्थाएं करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके। परिजन सदमे में हैं और क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

## किसानों के हितों की अनदेखी पर भाजपा सरकार को युवक कांग्रेस ने घेरा

# गन्ना के एक मुश्त भुगतान को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा किसानो के महत्वपूर्ण मांग एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में व्याप्त समस्या को लेकर कलेक्टर एवं कारखाना प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी। कार्यक्रम का मार्गदर्शन वरिष्ठ कांग्रेसी शिव प्रसाद वर्मा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, सत्येंद्र वर्मा जयचंद वर्मा, शिवेंद्र वर्मा, संजय धुर्वे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू की उपस्थिति में हुआ। वही जिले के किसानों को हो रही मुख्य समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की कि थनी और करनी को उजागर करते हुए किसान हित में सटीक मांग कलेक्टर महोदय को अवगत कराकर सात दिवस में निराकरण करने की मांग की। युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी सरकार, जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से किसानों को लगातार तंग करने का काम कर रही है। उनके साथ सौतेला व्यवहार अत्याचार करने का काम अलग-अलग तरीके से कर रही है। वर्तमान समय में जमीन रजिस्ट्री को लेकर राज्य सरकार की नई गाइडलाइन जनता के जेब में सीधा डाका डालने का काम कर रही, इस प्रकार भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में किसानों को एक मुफ्त 329 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना भुगतान करने के बजाय केवल 200 रुपए में प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ना का मूल भुगतान किया जा रहा है जो किसानों के साथ अन्याय है। जबकि बीजेपी विपक्ष में थी तो धान के बोनस को एक मुश्त देने की वकालत करते थे लेकिन अब सरकार में आने के बाद अब गन्ना भुगतान को किस्त में दे रही है जो इनके करनी और कथनी में जमीन आसमान का अंतर है।

### पांच सूत्रीय मांग युवा कांग्रेस द्वारा रखी गई



शक्कर वितरण वर्ष 2025-26 के शेयार धारी किसान जो छूट गए हैं उसे शक्कर दिया जाए। सबसे महत्वपूर्ण कारखाना प्रबंधक एवं नेताओं के सह पर मनमानी तरीके से कारखाना में भर्ती प्रक्रिया की जांच की जाए, वहां पर काम कर रहे अधिकारी, कर्मचारी, मजदूर की सूची प्रदान किया जाए और जो भी भ्रष्टाचार किए हैं उनके ऊपर उचित कार्रवाई किया जाए। धान खरीदी केंद्र को सुचारू रूप से चलाया जाए, किसानों को एग्रीकेट एप में रकबा संबंधी समस्या को ठीक किया जाए इस तरह पांच सूत्रीय मांग युवा कांग्रेस द्वारा रखी गयी है अगर मांग पर त्वरित कार्यवाही नहीं किया जाता तो किसानों के साथ मिलकर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश जांगड़े, उज्जैन वर्मा, पोषण चंद्रवंशी, चेतन वर्मा, अमित वर्मा द्वारिका, अजय वर्मा, रामगोपाल वर्मा, जितेंद्र लहरे, सूरज वर्मा, माधवेश चंद्रवंशी, अमन वर्मा, गिरधर लहरे, मरावी, अरुण वर्मा, वीरेंद्र चंद्राकर, बलराम वर्मा, नंदकुमार टंडन, छोटू वर्मा, सुशील, परमानंद वर्मा, अनिल, रमेश कुमार, रामकिंकर वर्मा, राजेश वर्मा, राजेंद्र, गजेंद्र वर्मा, विकास चंद्रवंशी, रामनारायण वर्मा, दौलत, संतानदास टंडन, दुर्गेश जायसवाल, शत्रुघ्न,विनय, दिलीप साहू, राजेश वर्मा, संजू वर्मा, कार्तिक राम, द्वारिका जायसवाल, हिमांशु वर्मा, ऋषिराज वर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता किसान उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत तेलिया पानी लेदरा में पुस्तक कॉपी वितरण की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम योजना का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य ऐसे असाक्षर व्यक्ति को शिक्षा में शामिल किया जाना है जिनकी उम्र 15 वर्ष सबसे अधिक हो वह कुछ कारण शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। ऐसे लोगों को ग्राम पंचायत-वार्ड के स्थाई स्वयंसेविय शिक्षकों के माध्यम से प्रत्येक दिवस 20 घंटे की कक्षा संचालित कर 200 घंटे तक संख्यात्मक तथा अंक ज्ञान दिया गया। अब इन असाक्षरों की परीक्षा आगामी 07 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय व्यापी परीक्षा महा अभियान के पूरे राज्य में किया जाना है। इसी संबंध में भारत सरकार के इस योजना का सफल संचालन हेतु विकासखंड पंडरिया, जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ को निर्धारित लक्ष्य 11302 प्राप्त है। इस प्राप्त लक्ष्य हेतु ग्राम पंचायत तेलिया पानी लेदरा आश्रित ग्राम चकमकटोला, टिंगड्डा,अंजवाइन बाह के निरक्षर को साक्षर बनाने के लिए ग्राम प्रभारी एवं वीटीएस के द्वारा असाक्षरों को पुस्तक एवं कॉपी वितरण कर पढ़ाया जा रहा है। ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा में दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र एवं दूर-दूर बसा टोला होने के कारण दो परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला तेलिया पानी लेदरा का केंद्रा अध्यक्ष नानुक लाल धुर्वे जिसमें 50 शिक्षार्थी शामिल होंगे। शासकीय प्राथमिक शाला चकमकटोला का केंद्रा अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मर जिसमें 50 शिक्षार्थी शामिल होंगे ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा में कुल 100 शिक्षार्थी है। इस कार्य को सफल बनाने में ग्राम पंचायत में नियुक्त विटीएस एवं ग्राम प्रभारी तथा ग्राम के बुजुर्ग उपस्थित थे।

## कुंडा महाविद्यालय में एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कुंडा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को एड्स से बचाव, इसके लक्षण और जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने किया। इसके बाद महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि एड्स से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पोस्टर प्रदर्शन एवं जागरूकता रैली के माध्यम से सेफ लाइफ-सेव लाइफ का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती जिज्ञासा पात्रे ने किया एवं डॉ पूर्णिमा साहू ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में रमन खनूजा सदस्य जनभागीदारी समिति, दिव्या भारती, गुलाबा धृतलहरे, केशव जायसवाल, झगर साहू, पूनम बैस, माया भास्कर, गुलशन चन्द्राकर, अनिता देवांगन, विकास जोशी, रामचन्द्र कुम्भकार, महेश कोशरिया, सौरभ धावलकर, अंजू रजक सहित समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## हाई स्कूल जंगलपुर के प्राचार्य बने प्रफुल्ल बिसेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

पंडरिया कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष एवं शिक्षक प्रफुल्ल बिसेन ने विगत 28 नवम्बर को पंडरिया विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल जंगलपुर में पदोन्नति पश्चात प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण किये। कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ ही बहुत सरल, सहज, हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी बिसेन ने अपना शिक्षकीय जीवन सहायक शिक्षक के पद से शुरुआत की।

सर्वप्रथम धमतरी जिला उसके बाद मध्य प्रदेश के खंडवा जिला में पदस्थ रहे। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कबीरधाम जिला में इनकी नियुक्ति 2002 मे हुई, तत्पश्चात उच्च वर्ग शिक्षक से प्रधान पाठक और इसके बाद प्राचार्य पद पर बिसेन का प्रमोशन हुआ। इन्होंने संघर्ष पूर्वक शिक्षकीय जीवन के दौरान अपने निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन, मृदूभाषी व्यवहार से सदैव एक पहचान बनायी है। कर्मचारी संगठन में भी बिसेन काफी सक्रिय रहते हैं। प्राचार्य पद पर प्रमोशन होने से कर्मचारी जगत में काफी हर्ष का माहौल है। शासकीय हाईस्कूल जंगलपूर के सभी छात्र छात्राएं भी अपने नये प्राचार्य को पाकर बहुत उत्साहित व प्रसन्न हैं। बिसेन के शुभचिंतकों को पूर्ण विश्वास है कि पूर्व की भांति अपनी मेहनत, निपूणता, कुशलता और अद्भुत नेतृत्व क्षमता के साथ उत्तरोत्तर सफलता के आयाम प्राप्त करते हुए अपनी संस्था को उत्कृष्ट बनायेंगे। बिसेन के साथ ही कबीरधाम जिले में 65 लोगों का शिक्षक से प्राचार्य के पद पर प्रमोशन हुआ है जितने भी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य का पद रिक्त तथा वहां पर सभी जगह प्राचार्यों की नियुक्ति होने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं मजबूती आएगी । शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा में गुणवत्ता एवं शैक्षिक दृष्टि से काफी सुधार आने की उम्मीद है। बिसेन को कर्मचारी नेता दीपक ठाकुर, अर्जुन चंद्रवंशी, संतोष साहू, शत्रुघ्न डड़सेना, संतोष सोनी एवं अन्य सभी शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ सभी स्वजनों द्वारा उनकी पदोन्नति पर उन्हें बधाई दी गई।



### जनहित व किसान हित में सड़क की लड़ाई लड़ेगी किसान कांग्रेस : रवि चंद्रवंशी

## कवर्धा जिला किसान कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

जिला सहित पूरा छत्तीसगढ़ किसानों का गढ़ है, जहां किसानों के अधिकारो के लिए किसान संगठन सदैव सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार रहते है इसी उद्देश से छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी व वर्तमान मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने किसान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है, शीर्ष नेतृत्व द्वारा कुछ दिन पहले कवर्धा जिला किसान कांग्रेस की कमान युवा किसान नेता रवि चन्द्रवंशी को सौंपी गई थी, जिसके द्वारा आज अपनी ज़िला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। किसान कांग्रेस जिलाअध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने बताया कि मुझे पार्टी द्वारा किसानों की आवाज़ बनकर उनके अधिकारो के लिए लड़ने की जवाबदारी एक किसान प्रहरी के रूप में सौंपी गई है, जिसके लिये ज़िला स्तर पर जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तिया की गई है, हम सब मिलकर आने वाले समय में किसानों के अधिकारो के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। चन्द्रवंशी ने आगे कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार में किसान वर्ग ही सबसे ज़्यादा परेशान है, किसानों का धान नहीं खरीदने के इरादे से आज भाजपा सरकार सैकड़ो नियम कानून बनाकर किसानों को धान बेचने से रोकने का प्रयास कर रही है, विष्णुदेव साय सरकार की इस सोच को किसान कांग्रेस कभी पूरा होने नहीं देगी।किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने ज़िला कार्यकारिणी विस्तार के संबंध में बताया कि उनकी टिम में 7 ब्लॉक अध्यक्षों सहित 40 जिला पदाधिकारीयो को जगह दी गई है जिसमें कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पटेल,कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा बंजारे,बोडला ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र धुर्वे,लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष हेमलाल साहू,ठाठापुर(रामपुर)ब्लॉक अध्यक्ष दीक्षित वैष्णव व रेंगखार ब्लॉक अध्यक्ष की जवाबदारी लेखराम पंचेश्वर को सौंपी गई है साथ ही मीडिया प्रभारी के रूप में विनोद जायसवाल को नियुक्त किया गया हैं। कार्यकारिणी में जला उपाध्यक्ष के रूप में कन्हैया यादव, धनिराम चन्द्रवंशी, शिवेंद्र वर्मा, संतोष साहू, सालिनी लहरे, गोविंद वैष्णव, महामंत्री के रूप में रामदास पटेल, चेतन वर्मा, शिवकुमार तिवारी, उत्तर चंद्राकर, जलेश बघेल, राजकुमारी बरमन व जलेश धुर्वे को नियुक्त किया गया है साथ ही ज़िला महासचिव व सचिव के रूप में 14-14 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाया गया है।




## धान खरीदी केंद्र परिसर में हैंडपंप नहीं होने से पानी के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम कोलेगांव के धान खरीदी केंद्र अंतर्गत ग्रामीण बसनी घोरपेंड्री खैलटुकरी रेहुटा सूरजपुरा कोलेगांव के किसान के द्वारा अपने धान को बेचने के लिए खरीदी केंद्र आते हैं लेकिन किसानों को धान खरीदी केंद्र के परिसर में हैंडपंप नहीं होने के कारण दूर-दूर से आए हुए किसानों को पानी पीने के लिए मजबूर होकर दूसरे जगह जाना पड़ता है ।

इसलिए शासन-प्रशासन तत्काल किसान की समस्या को देखते हुए एक नया हेडपंप बोर खनन किया जाए ताकि किसानों को दूसरे जगह पानी पीने के लिए जाना ना पड़े और पर्याप्त मात्रा में किसानों की सुविधा के लिए हैंडपंप खनन किया जाए और साथ-साथ धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में अंदर परिसर मैदान कार्यालय तक जाने के लिए सीसी रोड नहीं है जिसके लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जब अचानक बे मौसम बारिश होता है तब ट्रैक्टर ट्राली किसी प्रकार का वाहन नहीं पहुंच पाता काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए शासन प्रशासन इन समस्याओं को देखते हुए तत्काल बोर खनन के साथ-साथ 100 मीटर सीसी रोड भी बनाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना ना पड़े अपने वाहन धान खरीदी मैदान एवं केंद्र कार्यालय तक ले जाने के लिए शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन समस्याओं को देखते हुए इन मांगों को संज्ञान में लिया जाए।

